# भगवान चित्रगुप्त का किया अभिषेक बांटी कलम, लगाया गुलाल



भोपाल (काप्र)।

**मनकामेश्वर महादेव मंदिर श्री चित्रगुप्त धाम नेवरी लालघाटी में श्री चित्रगुप्त पूजन,भाई दूज के अवसर पर आज चित्रगुप्त भगवान का अभिषेक, सभी देवों का पूजन, आरती, हवन उपरांत प्रसाद एवं कलम वितरित की गई।**

इसके बाद फागोत्सव मनाया गया, जिसमें सभी कायस्थ बंधुओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया एवं फूलों की होली भी खेली गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग श्रीमति रुमा सारंग, सुनील श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, बृजेश श्रीवास्तव, आरती सारंग, अभय प्रधान, डीके सक्सेना, महेंद्र श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव, अमोल सक्सेना, विश्वनाथ-आनंद भटनागर, आलोक श्रीवास्तव, मीना-अरुण श्रीवास्तव, नीति सक्सेना, सुषमा श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, राज कुमार श्रीवास्तव, सुधीर सिन्हा, व्योम खरे, रविन्द्र-सत्येन्द्र श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, सौरभ-हर्ष कुलश्रेष्ठ, यशवीर सिंह सहित हजारों भक्तों ने उपस्थित होकर पुण्य-लाभ अर्जित किया। अन्त में सभी को कलम वितरित की ।

# महिला पर युवक ने किया एसिड अटैक का प्रयास

भोपाल (काप्र)।

**कोलार पुलिस ने किराना दुकान चलाने वाली महिला की शिकायत पर युवक के खिलाफ जबरन गुलाल लगाकर छेड़छाड़ करने और विरोध करने पर एसिड डालने का प्रयास करने का मामला दर्ज किया है।**

पीड़िता पहले भी आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ का प्रकरण दर्ज करवा चुकी है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 38 वर्षीय महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि वह किराना दुकान संचालित करती है। सोमवार सुबह करीब 11 बजे वह अपनी दुकान पर थी, उसी समय सुरेश नामक युवक आया और उसे जबरन गुलाल लगाने लगा। पीड़ीता ने जब उसका महिला ने विरोध किया तो वह छेड़छाड़ करने लगा। पीड़ीता ने जब लगातार बलपूर्वक उसका विरोध किया तब आरोपी विवाद करने लगा और उसने उसपर एसिड डालने का प्रयास किया। लेकिन वह एसिड डाल नहीं पाया। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे जिन्हें आता देख सुरेश मौके से फरार हो गया। बाद में शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपी सुरेश के खिलाफ प्रकराण दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

# बुजुर्ग दादी को पीटने वाले कलयुगी पोते और बहू को पुलिस ने किया गिरफ्तार

भोपाल (काप्र)।

**राजधानी के जहांगीराबाद थाना इलाके में मानवता को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। यहॉ एक बुजुर्ग महिला के साथ उसके पोते ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर बेरहमी से मारपीट की।**

आरोपी पोते शुभम ने जहॉ वृद्ध और शारीरिक रुप से कमजोर दादी का गला दबाकर उसे बुरी तरह जकड़ लिया वहीं उसकी पत्नी ने जकड़ी हुई बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट करते हुए शारीरिक रुप से प्रताड़ित भी किया। आरोपी पोता और उसकी पत्नि आये दिन दादी से मारपीट कर इसी तरह प्रताड़ित करते थे। इस बात से आहत पड़ोस मे रहने वाले परिवार ने आरोपियो की घिनौनी करतूत को वीडियो बनाते हुए सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होते ही आमजन में आक्रोश फैल गया वहीं वायरल वीडियो की भनक लगते ही पुलिस ने भी स्वत ही संज्ञान लेते हुए कार्यवाही शुरु की। आरोपी पति-पत्नि मारपीट की घटना का वीडियो वायरल होने के बाद अपने घर से फरार हो गए थे। बुजुर्ग महिला भी मारपीट की घटना के बाद उज्जैन में रहने वाले अपने अन्य रिश्तेदार के घर चली गई थी। इधर पुलिस ने आरोपी दंपत्ति के घर पर दबिश दी लेकिन वह हत्थे नहीं चढ़ सके। पुलिस लगातार उनकी तलाश में जुटी रही। आखिरकार थाना जहांगीराबाद और साइबर क्राइम पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के अंदर ही आरोपी दीपक सेन और उसकी पत्नि को दोनों आरोपी पति-पत्नि को भोपाल बस स्टैंड से उस समय गिरफ्तार कर लिय जब वह भोपाल छोड़ने की फिराक में थे। डीसीपी जोन 1 प्रियंका शुक्ला ने बताया कि आरोपी का नाम दीपक सेन है, वह ऐशबाग में वह एक सैलून चलाता है। आरोपी दीपक को ऐशबाग थाना इलाके की एक धर्मशाला से गिरफ्तार किया है। जहां से दोनों पति- पत्नी शहर से भागकर बाहर जाने की फिराक में थे। अधिकारियों का कहना है कि अपने रिश्तेदार के घर शहर से बाहर गई पीड़ीता वृद्धा को भी पुलिस उज्जैन से वापस लाकर उसका मेडिकल करवाएगी।

## पत्नी की मौत से दुखी कपड़ा व्यपारी ने लगाई फांसी

शहर के बैरागढ़ थाना इलाके में रहने वाले एक कपड़ा कारोबारी ने दुकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक इलाके के गिदवानी पार्क के पास रहने वाला प्रकाश गंगवानी (38) कम्युनिटी हॉल के पास रेडीमेड दुकान संचालित करता था। मंगलवार सुबह भी वह अपनी दुकान पर गया था। दुकान खोलने की कुछ देर बाद ही उसने दुकान के अंदर जाकर पंखे पर फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मौके की जॉच के बाद मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंप दिया है। शुरुआती जॉच में सामने आया है कि व्यापारी के दो बच्चे हैं, और वह अपनी मां के साथ रहता था। उसकी पत्नि ने करीब चार साल पहले तालाब में कूंद कर आत्महत्या कर ली थी। पत्नि की मौत के बाद से ही प्रकाश काफी दुखी रहने लगा था। आत्महत्या से कुछ दिन पहले से वो अपनी पत्नि का फोटो साथ लेकर घूमता था।

# हाउसिंग फॉर ऑल प्रोजेक्ट की धीमी गति से निगम आयुक्त नाराज

## एक निर्माण एजेंसी होगी टर्मिनेट व एक अन्य एजेंसी को जारी होगा नोटिस

भोपाल (काप्र)।

**नगर निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायण ने प्रधानमंत्री आवास योजना (हाउसिंग फॉर ऑल) की विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण किया और बाग मुगालिया प्रोजेक्ट में कार्यों की अत्यन्त धीमी गति पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित निर्माण एजेंसी के विरूद्ध टर्मिनेशन की कार्यवाही करने व पेनाल्टी भी लगाने के निर्देश दिए।**



उन्होंने 12 नंबर प्रोजेक्ट के कार्य भी संतोषजनक न पाए जाने पर संबंधित एजेंसियों को नोटिस जारी करने और कार्यों की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। श्री नारायण ने राहुल नगर प्रोजेक्ट के कार्य की गति तेजी से बढ़ाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि अपर आयुक्त (एच.एफए) सप्ताह में दो बार हाउसिंग फॉर ऑल प्रोजेक्ट्स की समीक्षा करें। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त सुश्री निधि सिंह, अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायण ने बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (हाउसिंग फॉर ऑल) के राहुल नगर, 12 नंबर स्टॉप एवं बाग मुगालिया प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण किया और इन परियोजनाओं में प्रचलित कार्यों, विभिन्न श्रेणियों के आवासीय प्रकोष्ठों की संख्या एवं कार्य की वर्तमान स्थिति व शेष कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। श्री नारायण ने राहुल नगर में निर्माणाधीन 15 मंजिला आवासीय प्रकोष्ठों के कार्यों की गति को बढ़ाने तथा कार्यों को नियत समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री नारायण ने सीवेज के निष्पादन हेतु चारों ओर अंडर ग्राउंड पाईप डालकर सीवेज निष्पादन सिस्टम स्थापित करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि अपर आयुक्त (एच.एफए) सप्ताह में दो बार सभी परियोजनाओं की समीक्षा करें।

निगम आयुक्त ने 12 नंबर प्रोजेक्ट के कार्यों का अवलोकन करते हुए कार्यों की गति संतोषजनक न पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और संबंधित निर्माण एजेंसी वेलजी रत्ना कम्पनी को नोटिस जारी करने, श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर प्रत्येक ब्लॉक के कार्यों की गति बढ़ाने, परियोजना स्थल पर सुरक्षा उपकरण, जाली आदि सोमवार तक लगाने के निर्देश दिए। श्री नारायण ने बाग मुगालिया परियोजना का निरीक्षण करते हुए कार्य की अत्यन्त धीमी गति पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यहां ऐसा लगता है कि छह माह से कोई कार्य ही नहीं किया गया। श्री नारायण ने निर्देशित किया कि संबंधित निर्माण एजेंसी गुलशन राय जैन प्प् कम्पनी के विरूद्ध टर्मिनेशन की कार्यवाही करने, भारी पेनाल्टी लगाने, कार्य की निर्धारित अवधि न बढ़ाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि उक्त परियोजना के कार्यों की गति में भी तेजी लाई जाए।

# छठी मंजिल से गिरी दसवीं की छात्रा की मौत का रहस्य बरकरार

**भोपाल( काप्र )।** राजधानी के कटारा हिल्स थाना इलाके में स्थित नंदन विहार कालोनी में सोमवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे दसंवी कक्षा की छात्रा सदिंग्ध हालत में छह मंजिला बिल्डिंग के नीचे गंभीर हालत में पड़ी मिली थी। उसे इलाज के लिए एम्स में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। छात्रा ने बिल्डिंग से छलांग लगाकर जान देने की कोशिश की थी, या फिर वह हादसे का शिकार हुई है, यह रहस्य बना हुआ है, जिसकी जॉच पुलिस कर रही है। पुलिस के मुताबिक लहारपुर में रहने वाली 15 वर्षीय मोहली गोस्वामी दसवीं कक्षा की छात्रा थी। उसके पिता एक निजी शिक्षण संस्थान में स्टोर कीपर का काम करते हैं। परिवार वालो ने पुलिस को बताया की मोहली अपने घर से सोमवार सुबह करीब 9 बजे किसी सहेली से मिलने जाने का कहकर अकेली घर से बाहर गई थी। परिवार वालो के वापस आने का समय पूछने पर उसने जल्द ही आने की बात कही थी। नंदन विहार कालोनी में घटनास्थल के आसपास रहने वाले लोगों ने बताया कि सुबह करीब साढ़े नौ बजे किसी के उचांई से गिरने की जोरदार आवाज सुनाई देने पर वह देखने के लिये बाहर निकलकर आये तो उन्हें छात्रा खून में लथपथ पड़ी हुई नजर आई थी। उसके दोनों पैर बुरी तरह जख्मी हो चुके थे, और शरीर से खून निकल रहा था। लोगो ने पुलिस को सूचना देते हुए छात्रा को इलाज के लिये एम्स पहुंचाया जहॉ उसकी मंगलवार को मौत हो गई। थाना पुलिस का कहना है, की छात्रा के पास से पचास रुपये और स्कूटी की चाबी मिली थी। छात्रा बयान देने की हालत में नहीं है। वह बिल्डिंग में किसके घर आई है, इसकी जानकारी साफ नहीं हो सकी है। छात्रा वहां कैसै पहुंची और उसके साथ क्या हुआ है, इसकी पुलिस जॉच कर रही है।

# बंदूक की नाल गले पर रखकर पैर से दबा दिया ट्रिगर, मौत

भोपाल(काप्र)।

**पुराने शहर के गौतम नगर थाना इलाके में स्थित आरिफ नगर की गली नंबर-5 में रहने वाले एसएएफ के रिटायर्ड एएसआई ने बीती रात बारह बोर की लायसेंसी बंदूक से अपने घर में खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली।**

मृतक ने बंदूक की नाल गले पर रखकर पैर से ट्रिगर दबा दिया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेजते हुए कारणो की जॉच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 62 वर्षीय वसीम उद्दीन मध्य प्रदेश पुलिस की सातवीं बटालियन में थे, और बीते साल जून माह में ही सेवानिवृत्त हुए थे। उनके परिवार में छोटा बेटा मोहसिन और पत्नी उनके साथ रहती है, वहीं उनका बड़ा बेटा आर्मी में हैं, और इन दिनो उसकी पोस्टिंग लद्दाख में है। परिवार वालो ने पुलिस को बताया कि बीती रात करीब साढ़े 10 बजे सभी लोग घर पर थे। रात करीब साढ़े 10 बजे मकान की उपरी मंजिल से अचानक गोली चलने की आवाज आने पर परिजन और आसपास के लोग दौड़कर सीढ़ियों से उपर जाने लगे तो पहली मंजिल पर जाने वाली सीढ़ियों के पास वसीम उद्दीन की लाश पड़ी नजर आई। उनके गले के पास गोली लगी थी, और पास ही बारह बोर की बंदूक पड़ी हुई थी। पुलिस का कहना है कि परिवार वालो के डिटेल बयान दर्ज होने के बाद ही खुदकुशी के कारणों का खुलासा हो सकेगा, जिसके आधार पर आगे की कार्यवाही तय की जायेगी।

## भोपाल में 4 स्थानीय अवकाश घोषित

भोपाल (काप्र)। भोपाल जिले के लिए राज्य शासन द्वारा घोषित स्थानीय अवकाश के तहत मंगलवार, 17 सितम्बर 2024 को अनंत चतुर्दशी को भोपाल जिले में स्थानीय अवकाश रहेगा ।

इसी प्रकार अन्य स्थानीय अवकाशों में शुक्रवार 11 अक्टूबर को दशहरा का दूसरा दिन (दुर्गा विसर्जन) और शुक्रवार 1 नवंबर को दीपावली का दूसरा दिन के लिए संपूर्ण भोपाल जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। भोपाल गैस त्रासदी स्मृति दिवस मंगलवार, 3 दिसम्बर 2024 को केवल भोपाल शहर के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

# जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित तीन बच्चों को मिला नया जीवन

भोपाल (काप्र)।

**एम्स के कार्यपालक निदेशक डॉ. अजय सिंह के मार्गदर्शन में पहली बार बाल रोगियों में दुर्लभ और जटिल जन्मजात हृदय की बीमारी को बिना ऑपरेशन किये नीतिनोल डिवाइस के द्वारा ठीक किया गया।**

पहले मामले में एक साल की बच्ची जिसका वजन केवल 6 किलोग्राम था उसे सांस लेने में दिक्कत होती थी, दूध पी नहीं पाती थी और वजन घटने के साथ छाती में खिंचाव की समस्या भी हो रही थी । 2 डी इकोकार्डियोग्राफी जाँच में पता चला कि उसे एक दुर्लभ जन्मजात हृदय दोष एओर्टोपल्मोनरी विंडो (0.1 से 0.6 प्रतिशत सीएचडी) है। एपी विंडो में हृदय की दो बड़ी वाहिकाओं के बीच एक छेद होता है । हृदय के इस छेद को यदि समय रहते बंद नहीं किया गया तो मरीज का जीवन खतरे में पड़ जाता है। इसमें मरीज की कमर से एक नस के द्वारा नितिनोल डिवाइस जैसे बटन को हृदय तक पहुंचा कर उस छिद्र को बंद किया गया। मामले की जटिलता को देखते हुए धमनी का प्रयोग नहीं किया गया। अब बच्ची पूर्णतया स्वस्थ है।



दूसरे मामले में 12 किलोग्राम वजन वाले 3 वर्षीय लड़के में 25 मिमी आकार के बड़े ओस्टियम सेकेंडम एट्रियल सेप्टल दोष का निदान किया गया था, जिसे सर्जिकल क्लोजर के लिए एक अन्य अस्पताल से एम्स भेजा गया था। किन्तु यहाँ पर कार्डियोलॉजी डाक्टरों की टीम ने जाँच के पश्चात् बिना ऑपरेशन किये इसे ठीक करने का निर्णय लिया और इसे परक्यूटेनियस ट्रांसकैथेटर डिवाइस क्लोजर के लिए उपयुक्त पाया। इस मामले में बच्चे को 28 मिमी बटन जैसे नाइटिनोल डिवाइस के साथ सफलतापूर्वक प्रबंधित किया गया और बच्चे की सर्जरी करने की आवश्यकता नहीं पड़ी ।

तीसरे मामले में, एक 12 वर्षीय लड़के को सांस लेने में तकलीफ और पल्स ऑक्सीमीटर पर ऑक्सीजन की उपस्थिति केवल 60-65 प्रतिशत ही पायी गयी । बबल कंट्रास्ट 2डी इकोकार्डियोग्राफी से मरीज की जाँच करने पर पता चला कि मरीज फेफड़े के एवी विकृति (धमनियों और नसों के बीच एक असामान्य संबंध) से पीड़ित था। इसलिए विकृति को पर्क्यूटेनियस रूप से बंद करने की योजना बनाने के लिए एक प्रीऑपरेटिव सीटी एंजियोग्राफी की गई और इसे वैस्कुलर प्लग डिवाइस लगाकर बिना चीर-फाड़ के दिल का इलाज किया गया। प्रक्रिया के बाद ऑक्सीजन की मात्रा भी बढ़कर 95 प्रतिशत तक सामान्य हो गई ।

ये सभी जटिल पर्क्युटेनियस बाल चिकित्सा के केस एम्स की कार्डियोलॉजी टीम डॉ. भूषण शाह के नेतृत्व में डॉ. अंबर कुमार, डॉ. किसलय श्रीवास्तव और डॉ. मधुर जैन के साथ कार्डियक एनेस्थीसिया टीम डॉ. वैशाली वेंडेस्कर और डॉ. एस आर ए एन भूषणम पडाला के सहयोग से सीटीवीएस टीम डॉ. योगेश निवारिया और डॉ. एम किसान द्वारा प्रबंधित किए गए । यह पहली बार है कि एम्स बाल रोगियों में इस तरह के जटिल मामलों को सफलतापूर्वक ठीक कर रहा है।

## उपाय एप के जरिए होगा विद्युत शिकायत का समाधान

**भोपाल ( काप्र )।** विद्युत संबंधी शिकायत के निराकरण के लिये उपाय एप के माध्यम से आसानी से समाधान किया जा रहा है। इसके लिए आपको अपने मोबाइल में उपाय एप डाउनलोड करना होगा। आंधी, तूफान एवं अन्य कारणों से होने वाले विद्युत व्यवधान के निराकरण के लिए भी उपभोक्ता मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपाय एप को डाउनलोड कर अपनी शिकायत का त्वरित समाधान प्राप्त कर सकते हैं। कंपनी ने बताया है कि बिजली उपभोक्ता गूगल प्ले स्टोर से इस एप को नि:शुल्क डाउनलोड कर सकते हैं। उपभोक्ता मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपाय एप के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करने के साथ ही शिकायत की स्थिति भी जान सकते हैं।

# सोलह हजार मतदान कर्मी प्राप्त करेंगे प्रथम प्रशिक्षण

भोपाल (काप्र)।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भोपाल ऋतुराज सिंह ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत मतदान दल का प्रथम प्रशिक्षण 1 से 6 अप्रैल तक भोपाल शहर के 7 प्रशिक्षण केन्द्रों पर प्रात: 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक दिया जाएगा।**

प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए लगभग 80 मास्टर ट्रेनर सैद्धांतिक एवं ईव्हीएम नियुक्त किये गये हैं। श्री सिंह ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन- 2024 सुचारू रूप सम्पन्न कराये जाने के लिए प्रथम प्रशिक्षण में मतदान दल के सभी सदस्य पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्र.-1, 2, 3 को प्रशिक्षित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण मौलाना आजाद प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल, मॉडल हायर सेकेण्डरी स्कूल, भोपाल, बी.एस.एस. कॉलेज भोपाल, रवीन्द्र भवन पुराना सभाग्रह भोपाल, संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) गोविंदपुरा भोपाल, सभागार राज्य पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान, वैशाली नगर-भोपाल एवं समन्वय भवन (अपेक्स बैंक), टीटी नगर भोपाल केन्द्रों में आयोजित हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण प्रात: 10:30 से 11:00 बजे तक मतदान दलों की उपस्थिति, प्रात: 11:00 बजे से 2:00 बजे तक सैद्धांतिक प्रशिक्षण तथा दोपहर 2:00 बजे से शाम 4 बजे तक ईव्हीएम हैण्डसऑन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

## आग्नेय एवं प्राणघातक हथियारों पर प्रतिबंध रहेगा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने निर्वाचन प्रक्रिया सुव्यावस्थित और शांति पूर्वक संचालित हो इसके लिए गत दिवस दण्ड प्रक्रिया के तहत आदेश जारी किये गये है। जारी आदेशानुसार लोकसभा चुनाव-2024 स्वतंत्र, स्वच्छ, निर्विध्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से संचालित कराने को दृष्गित जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर कब्जा करने, मतदाताओं एवं निर्वाचन में संलग्न अधिकारियों/कर्मचारियों को डराने धमकाने और उन पर अनुचित प्रभाव ना डालने के लिये निर्वाचन की प्रक्रिया आरंभ होने के समय से आग्नेय एवं प्राणघातक हथियारों पर तत्काल रूप से प्रतिबंधित किया जाता है। जिला दंडाधिकारी श्री सिंह द्वारा शस्त्र अधिनियम 1959 के तहत जिले के सभी शस्त्र लायसेंसधारियों के शस्त्र लायसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर आदेश देता हूं कि 16 मार्च से 06 जून 2024 तक की अवधि में सभी आग्नेयशस्त्र लायसेंसधारियों से नजदीकी थानों में जमा कराये जाए। यह आदेश कानून एवं व्यवस्था के कार्य में लगे पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों, सभी केन्द्र शासन एवं राज्य शासन के विभागों में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी, शासन के उपक्रमों में अधिकारी, कर्मचारी, शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय बैंकों के गार्ड के तौर पर कार्यरत लायसेंसियों पर लागू नहीं होगा। लोकसभा चुनाव-2024 की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। यह आदेश जिले की सम्पूर्ण सीमा में प्रभावशील होगा। इसके पश्चात शस्त्र लायसेंसधारियों को उनके जमा शस्त्र तुरन्त वापस किये जायेंगे।